
रांची, रविवार, 11 मई 2025
संवत 2082, वैशाख शुक्ल 11 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 246 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ कैसे वजन कम करता है लो कार्ब-डाइट
भूमि ने बताया उनके लिए क्यों खास है द रॉयल्स ◂◂ 6

## पाक के साथ सीजफायर के बाद वायु सेना का बड़ा बयान

# ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है




- राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अहम जानकारी दी है। एक्स पर लिखा गया- चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर विस्तृत ब्रीफिंग की जाएगी। भारतीय वायुसेना सभी से अटकलों और असत्यापित सूचनाओं के प्रसार से बचने का आग्रह करती है। आईएएफ ने लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में अपने सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किए गए। पाकिस्तान ने तीन घंटे में तोड़ा सीजफायरः तीन दिनों के तनाव के बाद शनिवार शाम भारत और पाकिस्तान सीजफायर पर सहमत हुए। यह समझौता भारत की शर्तों पर हुआ था, लेकिन मात्र तीन घंटे बाद ही पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन करते हुए भारतीय सीमा के कई क्षेत्रों में ड्रोन हमले किए और एलओसी पर फायरिंग भी की। भारतीय सेना ने तुरंत और प्रभावी ढंग से जवाब देते हुए सभी हमलों को नाकाम कर दिया।

पाकिस्तान की कार्रवाई के तुरंत बाद, शनिवार देर रात भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कुछ दिन से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए दोनों देशों ने शाम को समझौता किया था। लेकिन अब पाकिस्तान लगातार इस समझौते का उल्लंघन कर रहा है। भारतीय सेना जवाब दे रही है और हालात पर नजर रखे हुए है। सेना को सख्त कदम उठाने के आदेश मिल चुके हैं। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह हालात को समझे और ऐसी हरकतें तुरंत रोके।

**डेस्कः** शनिवार शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच संघर्षविराम जारी है, हालांकि शनिवार शाम आठ बजे पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर सीजफायर का उल्लंघन पाकिस्तान की ओर से किया गया। इस बीच भारतीय सेना का बयान आया है कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है।

## भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन आतंकी ढांचे पर कार्रवाई जरूरी था : डोभाल



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से टेलीफोन पर बात की और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकी ढांचे पर कार्रवाई करना जरूरी थी, लेकिन युद्ध करना भारत का चयन नहीं है। सूत्रों के अनुसार अजीत डोभाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ी संख्या में भारतीय हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि युद्ध भारतीय पक्ष का चुनाव नहीं है और यह दोनों पक्षों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की पहल की है और भारत ने इसे स्वीकार किया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल होगी। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार चीन के विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी ने उम्मीद व्यक्त की कि भारत और पाकिस्तान शांत और संयमित रहेंगे, बातचीत और परामर्श के माध्यम से मतभेदों को ठीक से संभालेंगे और स्थिति को अनियंत्रित होने से बचाएंगे। वांग यी ने कहा कि चीन भारत और पाकिस्तान के बीच परामर्श के माध्यम से व्यापक और स्थायी संघर्ष विराम का समर्थन करता है । यह दोनों देशों के मौलिक हित में है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की समान आकांक्षा को पूरा करता है। वांग यी ने यह भी कहा कि चीन पहलगाम में आतंकवादी हमलों की निंदा करता है और सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया परिवर्तन और उथल-पुथल दोनों से गुजर रही है। एशिया में शांति और स्थिरता को हर हाल में बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान ऐसे पड़ोसी हैं जिन्हें दूर नहीं किया जा सकता है, और वे दोनों चीन के पड़ोसी हैं।

## आपस में टकराई दो ऑटो, 14 घायल

**गिरिडीह :** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जहां दो ऑटो की आमने-सामने से टक्कर हो गई है। रविवार को हुए इस सड़क हादसे में 14 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर घायलों का इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना दुमका-रांची मेन रोड के जीतकुंडी के पास की है। घटना को लेकर बताया जाता है रविवार को दोनों ऑटो विपरीत दिशा से आ रही थी। तभी जीतकुंडी के पास दोनों ऑटो के चालक ने अपना संतुलन खो दिया और टक्कर हो गई। इस घटना में एक ऑटो के चालक सहित दोनों ऑटो पर बैठे 14 लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों की चीख-पुकार मच गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने बिरनी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बिरनी थाना के एसआई शंभू सिंह अस्पताल पहुंचे हुए थे। उन्होंने अस्पताल में घायलों का हालचाल भी लिया और घटना की जानकारी भी ली। अवर निरीक्षक ने बताया कि दोनों ऑटो की टक्कर में 14 लोग घायल हुए हैं। फिलहाल घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। साथ ही घटनास्थल से दोनों ऑटो को जब्त कर लिया गया है। इस घटना में पूर्णिमा देवी, प्रेरणा कुमारी, लादपरी देवी, सोनी देवी, मंजू देवी, करीना कुमारी, गायत्री देवी, खुशबू देवी, रवि कुमार, रूद्राक्ष कुमार, अंश कुमार, रंजीत कुमार, प्रेमचंद यादव, संजय डोम आदि घायलों में शामिल हैं। इसमें से प्रेमचंद यादव और संजय डोम को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## सीजफायर के बाद पाकिस्तान की गोलीबारी में बिहार का जवान शहीद

मोहम्मद इम्तियाज ने साथियों को बचाने में दी जान



एजेंसी

**पटनाः** पाकिस्तान की ओर से शनिवार की शाम को सीजफायर के बाद भी गोलीबारी की गई। इस गोलीबारी में बिहार का जवान मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गये। जम्मू के आरएसपुरा क्षेत्र में हुई गोलीबारी में बीएसएफ के आठ जवान घायल हो गये थे। इनमें एक सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गये। लोगों की मौत, विदेश सचिव ने कहा तोड़ा गया संघर्षविरामः शहीद मोहम्मद इम्तियाज सारण के गड़खा थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में मोहम्मद इम्तियाज को गोली लगी थी। इस गोलीबारी में सात अन्य जवान घायल हो गये जिनका इलाज जारी है। बीएसएफ की ओर से जारी सूचना के अनुसार मो. इम्तियाज जम्मू से सटी सीमा के बीएसएफ आउटपोस्ट पर तैनात थे। उन्होंने बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अपने साथियों को बचाते हुए खुद प्राणों की आहूति दे दी। बीएफएफ के डीजी और अन्य सभी अधिकारियों ने वीरगति को प्राप्त मो इम्तियाज के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जतायी है। नारायणपुर के ग्रामीणों ने बताया कि मोहम्मद इम्तियाज काफी नेक दिल और मिलनसार व्यक्ति थे। एक माह पहले ही ईद के लगभग वे घर आये थे। गांव में सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करते थे और गांव के सभी लोगों से मिलते-जुलते थे। उनका एक पुत्र मोहम्मद इमरान बायोमेडिकल से इंजीनियरिंग कर पटना पीएमसीएच में कार्यरत है। पिता इम्तियाज के शहीद हो जाने की सूचना मिलने के बाद पुत्र इमरान जम्मू के लिए रवाना हो गये।रविवार की सुबह जम्मू में बीएसएफ के फ्रंटियर हेडक्वार्टर में पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि देने के बाद उनका पार्थिव शरीर परिजनों को सौंपा जायेगा। जिसके बाद बीएसएफ मो इम्तियाज के पार्थिव शरीर को लेकर रविवार की शाम तक उनके गांव पहुंच सकती है।

## मौसम कर रहा कंफ्यूज : झारखंड में समय से पहले आएगा मॉनसून, जून के पहले हफ्ते से होने लगेगी बारिश

- दिन में 40 के पार जा रहा पारा, शाम हो जा रही बारिश

संवाददाता



**रांचीः** झारखंड में इस बार झारखंड में मानसून की दस्तक समय से पहले होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून समय से पांच दिन पहले आने की संभावना है। आम तौर पर केरल में मानसून 31 मई या एक जून को पहुंचता है लेकिन इस बार 27 मई तक मानसून पहुंचने की उम्मीद है। केरल से झारखंड पहुंचने में मॉनसून को 10 से 12 दिन लग जाते हैं, इस स्थिति में झारखंड में जून से पहले हफ्ते में ही मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद है। इस वर्ष अच्छी बारिश होने अच्छी बारिश होने की उम्मीद हैं। रविवार की सुबह राजधानी रांची में मौसम बहुत सुहाना रहा। सुबह हवा और बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, हालांकि सुबह 9 बजे के बाद धूप निकल आई।मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश होने की संभावना है। इनमें लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम सिंहभूम शामिल हैं। वहीं, दूसरी ओर राज्य के कई जिलों में सोमवार को लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। हीट वेव की चपेट में आने वाले जिलों में देवघर, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज शामिल हैं। इन जिलों के साथ ही धनबाद और गिरिडीह में भी 13 मई सो 16 मई तक लू चलने की आशंका है। शनिवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ का 40।5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रांची का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## उधमपुर एयर बेस पर पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयर बेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनू निवासी सुरेंद्र सिंह मोगा के रूप में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# भारत सरकार का बड़ा फैसला, अब कोई भी आतंकी हमला हुआ तो माना जाएगा युद्ध

एजेंसी



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया दिखाने का फैसला किया है। सरकार ने ऐलान किया कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और जवाब भी उसी तरह से दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल रहे। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई और सैन्य तैयारियों की पूरी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री लगातार हर घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। बीते 24 घंटे में प्रधानमंत्री मोदी की सेना प्रमुखों और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यह दूसरी और महत्वपूर्ण बैठक है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को भी ऐसी ही एक बैठक की अध्यक्षता की थी। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव पर सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज एयरबेस को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने मिसाइलें दागीं और अस्पताल तथा स्कूल को निशाना बनाया गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर फोर्स स्टेशन सिरसा और एयर फोर्स स्टेशन सूरतगढ़ के शनिवार सुबह की फोटो दिखाईं और कहा कि ये सुरक्षित हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया, पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है, उसने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया है। भारत ने कई खतरों को नाकाम कर दिया, लेकिन पाकिस्तान ने 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने के लिए रात 1:40 बजे हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों पर भी हमला किया। यह भी बताया गया, पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया।

## ऑपरेशन सिंदूरः सीजफायर के बीच बोले ट्रंप

# 'कश्मीर मुद्दे का हल निकलने के लिए भारत-पाकिस्तान के साथ काम करूंगा'

- भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने में जुटे ट्रंप

एजेंसी

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुट गए हैं। पहले उन्होंने बीते दिन शाम पांच बजकर 37 मिनट पर दोनों देशों के बीच सीजफायर का दावा किया। इसके बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री और भारत के विदेश सचिव ने इसे लेकर आधिकारिक एलान किया। हालांकि भारत ने साफ किया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का दखल नहीं है।

ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, 'मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान संघर्ष को रोकने का समय आ गया है, जो कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे! आपकी विरासत आपके बहादुर काम से बहुत बढ़ गई है। मुझे गर्व है कि अमेरिका ने आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचाने में मदद की। अभी चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं। इसके अलावा मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या हजार साल के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दें!!!'



बीते दिन ट्रंप ने किया दावा-अमेरिका ने की मध्यस्थताः बीते दिन संघर्ष विराम की पहली सूचना ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा, 'भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं।' इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि बीते 48 घंटे में उनकी पीएम नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, एस जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और दोनों देशों के एनएसए से बातचीत हुई है। इसके बाद दोनों देश संघर्षविराम और किसी तटस्थ जगह पर व्यापक बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ने तत्काल संघर्षविराम की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दिनभर चली व्यस्त कूटनीति के कारण दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत हुई और सहमति बनी। वादे से फिर पलटा पाकिस्तानः भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के एलान के थोड़ी देर बाद ही जम्मू-कश्मीर में सीमापार से गोलाबारी और ड्रोन हमले फिर शुरू हो गए। श्रीनगर में कई धमाके हुए, वहीं आरएसपुरा, सांबा, ललियान और रामगढ़ में भी देर रात तक धमाके होते रहे। सीमापार से फायरिंग में आरएसपुरा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ के उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज बलिदान हो गए। हमले में सात अन्य जवान घायल हुए हैं। सभी सैन्य अस्पताल में भर्ती हैं। पंजाब, राजस्थान और गुजरात में भी कई धमाके हुए। रात तक 15 शहरों में ब्लैकआउट करना पड़ा।

संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेशः केंद्र सरकार ने इसे सहमति का घोर उल्लंघन करार देते हुए सेना को जवाबी कार्रवाई करने की छूट दे दी। रात 11 बजे विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने इसके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान स्थिति को ठीक से समझे और इसे रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करे। सेना हालात पर कड़ी नजर रखे हुए है।

### ट्रंप ने सबसे पहले किया ट्वीट

,समझदारी से भरे फैसले की बधाईः अमेरिका की मध्यस्थता में रात में लंबी बातचीत के बाद बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत-पाकिस्तान तुरंत पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई।

## श्रीलंका में हुए सड़क हादसे में 11 की मौत, 25 घायल



एजेंसी

**कोलंबो :** श्रीलंका के मध्य प्रांत में स्थित कोटमाले में रविवार सुबह बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पहले बताया था कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। गौरतलब है कि श्रीलंका में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री श्याम मंदिर में 155वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 155 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया।
श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एक श्याम भक्त परिवार एवं सभी सदस्यों सेवको ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।
एक श्याम भक्त परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।
श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव आलू कद्दू लौकी मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी गुलाब शरबत टॉफी बिस्किट एवं खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया।
खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है।
भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल, मोनू, पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा,अमित सरावगी, राहुल मारू, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, पवन केडिया, कमलेश सावा, मनीष बर्मन, बबली बर्मन, अनुष्का बर्मन, ज्योति, रिंकी, संकेत चौधरी, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन , रणधीर जायसवाल, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग किया ।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को दी गई विदाई

**रांची :** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आठ वरिष्ठ शिक्षकों एवं एक शिक्षकेत्तर कर्मचारी को उनके सेवाकाल की समाप्ति पर ससम्मान विदाई दी गई।
सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में आरयू सिंह, सलिल सहाय, ए सुषमा सिन्हा, राजलक्ष्मी, एनके दुबे,पीएस दास, एके अमरेश तथा एसके महापात्रा शामिल हैं। इनके अतिरिक्त प्रयोगशाला सहायक दिलावर बेग को भी भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सेवानिवृत्तजनों को पुष्पगुच्छ, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, मिठाई,अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य बिपिन राय ने कहा कि इन शिक्षकों और कर्मचारी का विद्यालय में दिया गया योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ, सक्रिय और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि कुछ शिक्षक पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके हैं,जबकि कुछ 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। विद्यालय में ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने के कारण सभी को एक साथ विदाई दी गई।

### एसीएस ने विघायक को दी बधाई

**रांची :** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने झारखंड सरकार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ह्लवीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालयह्व करने का स्वागत किया है। यह फैसला झारखंडी अस्मिता, आदिवासी पहचान और शहीदों के बलिदान का सम्मान है।
एसीएस ने इस संघर्ष में शामिल सभी छात्र संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं और आंदोलनकारियों को बधाई एवं आभार प्रकट किया। संगठन ने 8 वर्षों (2017झ्र2025) के लंबे आंदोलन को याद करते हुए उन सभी व्यक्तियों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने किसी न किसी रूप में इस अभियान को समर्थन दिया।
एसीएस प्रतिनिधिमंडल ने तामाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा से भेंट कर पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर आभार जताया। विधायक श्री मुंडा ने विधानसभा में इस मुद्दे को सशक्त रूप से उठाया था, जिसके लिए संगठन ने उन्हें विशेष धन्यवाद दिया।
मौके पर उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, मीडिया प्रभारी अलोक तिर्की, रातू प्रखंड सचिव अमित तिग्गा, रातू प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज तिर्की, सक्रिय सदस्य प्रकाश भगत, रोहित उरांव, सचिन उरांव आदि शामिल थे।

### डीसी ने अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के साथ की बैठक

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को जिला के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी अंचल के वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।
उपायुक्त ने कार्यशाला में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जन शिकायतों के नियमानुसार त्वरित निष्पादन/समाधान एवं कार्य संस्कृति उन्नयन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यूनिसेफ के प्रेमचंद ने कार्यशाला में सभी राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को प्रशिक्षण दिया।
कार्यशाला के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित हल्का कर्मचारी से लंबित मामलों का कारण पूछा गया। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षक को अगले सात दिनों में 10 डिसिमल तक के 90 दिनों के लंबित दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ऑर्डर जेनेरेशन, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र, सीमांकन एवं परिशोधन पोर्टल में लंबित मामलों को भी 7 दिनों के अंदर निष्पादन का निर्देश दिया गया।
कार्यशाला में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में गुणात्मक सुधार करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन करें। दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है तो जानकारी दें ताकि राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन किया जा सके। कार्य में शिथिलता पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जनहित में कार्य नहीं होता तो वीआरएस ले लीजिए।
उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं उप राजस्व निरीक्षक से कहा कि लोगों के समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें, कार्यालय आनेवाले लोगों से शालीन व्यवहार करें, उन्हें सही एवं उचित जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आवेदक ही आएं, सभी यह सुनिश्चित करें कि बिचौलिए कार्यालय में न दिखें। उपायुक्त ने एक बार फिर से जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयों में बिचौलिए दिखे तो ह्यअबुआ साथी-9430328080ह्व (जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर) पर जानकारी दें, जानकारी देनेवाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी।
उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को मंगलवार के दिन आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि बाकी कार्य दिवस में भी अंचल अधिकारी अन्य कार्यों के साथ दोपहर 1:00-2:00 तक आम जनता की समस्याओं को सुनते हुए यथासंभव समाधान करें। उपायुक्त ने जिला में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सीपीपीओ से समन्वय स्थापित करते हुए एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया।

### हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा

# अफवाह फैलाने वालों पर करें कठोर कार्रवाई: मुख्यमंत्री



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की. मुख्य सचिव और डीजीपी की उपस्थिति में हुई बैठक में हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है.
देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखंड में एक-एक जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें तथा एक बेहतर कार्य योजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठाए जाए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित की जाए.
वरिष्ठ आईएएस और आइपीएस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगाई जाए. वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश प्रेषित कर माहौल खराब करने का कार्य करते हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. राष्ट्र विरोधी गतिविधियों तथा सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान कर उनपर भी कानूनी कार्रवाई करें.
सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से कार्य लें, आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या बढ़ाएं
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को एक्टिव करें तथा आवश्यकता के अनुरूप सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स की संख्या बढ़ाएं. सिविल डिफेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाएं. उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को त्वरित राहत, बचाव कार्य, जनजागरूकता और सामुदायिक क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए.
सभी जिलों में कंट्रोल रूम एक्टिव करें
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करें. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं.
अस्पताल की छत पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाएं
बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पताल के रूफ टॉप पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाए जाएं.

#### बैठक में ये निर्देश भी रहे बेहद महत्वपूर्ण

-गृह मंत्रालय का निर्देश है कि सिविल डिफेंस रूल्स के अंतर्गत इमर्जेंसी प्रोविजंस का इस्तेमाल करें. खासकर कोई खरीदारी में टेंडर प्रक्रिया छोड़कर.
-मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ा दी जाए.
-एसेंशियल सर्विस को मेंटेन करने के लिए तैयारी की जाए.
-एसेंशियल कमोडिटीज पर खास ध्यान रखा जाए होर्डिंग बिल्कुल नहीं हो.
-अस्पताल को तैयार रखा जाए
-महत्वपूर्ण ठिकाने जैसे डैम, प्लांट, वउक्छ, बिजली घर, क्ड्ड3, आदि के सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाय
-एनजीओ तथा अन्य सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से संपर्क कर उन्हें तैयार कराया जाए.
-जिला में फायर स्टेशन की तैयारी कर ली जाए.
-मोबाइल फेल करने पर पी.ए. सिस्टम तैयार कर ली जाए.

## सरकारी योजनाएं प्राथमिकता से लागू हो : डीसी

### संवाद कार्यक्रम में कर्मचारियों के अनुभवों को सुनने और उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/जन शिकायतों के समाधान एवं कार्य संस्कृति को लेकर सभी कार्यालयों के प्रधान लिपिक/उच्च वर्गीय लिपिक/निम्न वर्गीय लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ संवाद कार्यक्रम किया गया। वहीं सभी को कार्यालय से सम्पादित होने वालें कार्यों का ससमय निष्पादन कराने को लेकर निर्देश दिया गया ।
संवाद कार्यक्रम में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, जैसे सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू कराने में अपनी भूमिका निभाए। योजनाओं के लाभ को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जन शिकायतों के निवारण में देरी को कम करने के लिए कर्मचारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश
उपायुक्त ने जन शिकायतों के निवारण में देरी को कम करने के लिए कर्मचारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए गया। इसके लिए शिकायतों के पंजीकरण, ट्रैकिंग, और समाधान की प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया गया।
उपायुक्त ने कार्यालयों में कार्य संस्कृति को और अधिक पेशेवर, जवाबदेह, और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया साथ ही समय प्रबंधन, कार्यों की प्राथमिकता निर्धारण, और डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए गए।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री का रूस दौरा, मास्को में प्रवासी भारतीयों के साथ किया संवाद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं. अपनी यात्रा के दूसरे दिन रक्षा राज्यमंत्री ने मॉस्को के भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय लोगों के साथ संवाद किया.
मास्को में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगो के साथ मुलाकात और संवाद स्थापित करने के कार्यक्रम में रूसी संघ में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भारतीय प्रवासियों और दूतावास की ओर से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत किया. इस कार्यक्रम में दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रूस में भारतीय समुदाय के लगभग 120 प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया.
आज रूस की राजधानी मास्को में पूज्य महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर, उन्हें नमन किया।इस दौरान यहां प्रवासी भारतीय समुदाय से संवाद किया।
भारत-रूस के बीच प्रगाढ़ संबंध में प्रवासियों भारतीय का योगदान



अहम- संजय सेठ

संवाद के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और प्रगाढ़ बनाने में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान की अहम भूमिका है. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि उन्होंने भारतीय समुदाय से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया, जिसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर होगा.
भारतीय जिस देश में रहते हैं उसे अपना कर्मभूमि मानकर उसके विकास में सहायक बनते हैं: रक्षा राज्य मंत्री
रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जहां भी रहते हैं अपने काम और कर्मों से जाने जाते हैं. उनका जन्म भले ही हिंदुस्तान में हो लेकिन उनकी कर्मभूमि जहां होती है, वहां वह निष्ठा से अपने कार्यों को करते हैं. यही हर भारतीय की पहचान है. रक्षा राज्य मंत्री ने सभी भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया. कार्यक्रम का समापन भारत के विकास दृष्टिकोण के प्रति उपस्थित लोगों के बीच गर्व और प्रतिबद्धता की नई भावना के साथ हुआ.

### नगर निगम क्षेत्र में बनेगा फूड हब , प्रशासक ने क्षेत्र का लिया जायजा

**रांची :** रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उनके द्वारा कचहरी चौक, नागा बाबा खटाल वेजिटेबल मार्केट से मछली घर होते हुए पूरे मोरहाबादी क्षेत्र तक का भ्रमण निगम के पदाधिकारियों के साथ किया गया।निरीक्षण क्रम में उनके द्वारा मार्ग पर अवस्थित मॉड्यूलर टॉयलेस्ट एवं मोरहाबादी स्थित एरोबिक बायो टॉयलेट की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य शाखा के पदाधिकारियों को प्रतिदिन इसके साफ-सफाई की मॉनिटरिंग करने एवं ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव करने का निर्देश दिया गया।
साथ ही स्वच्छता शाखा की टीम को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में शहर के मुख्य पथों पर डंप कूड़ा ना दिखे तथा सुपरवाइजर इसकी निगरानी करे। साथ ही मोराबादी क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह साफ-सफाई के कार्य जल्दी की जाए ताकि मॉर्निंग वॉकर्स को एक स्वच्छ वातावण मिल सके। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में पेड़ो की टहनियों की ट्रिमिंग करने का निर्देश दिया गया। ड्डउनके द्वारा मोराबादी रजिस्ट्री ऑफिस के समीप भूमि पर निगम स्तर से इंदौर के तर्ज पर फूड हब के रूप में विकसित करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया।

### स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी का स्मरणोत्सव मना

**रांची :** योगदा आश्रम में स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी के आविर्भाव का स्मरणोत्सव मनाया गया। स्मरणोत्सव सुबह स्वामी गोकुलानंद द्वारा संचालित एक विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान के साथ आरंभ हुआ, जिसमें पूरे भारत से भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक गुरु पूजा में उपस्थित भक्तों ने ब्रह्मचारी सत्संगानंद और अन्य संन्यासियों ने संचालित भजनों का आनंद लिया। भजन-संकीर्तन के बाद वहां उपस्थित भक्तों और संन्यासियों को प्रसाद वितरित किया गया।1894 में प्रकाशित अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक, कैवल्य दर्शनम के लिए विख्यात श्रीयुक्तेश्वरजी, परमहंस योगानंदजी के गुरु थे।

## किसान मेला और प्रशिक्षण कर्मशाला, मंत्री ने कहा- किसान व्यवसायी बनें, मजदूर नहीं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को रांची के बनहोरा जतरा मैदान में रांची जिला स्तरीय कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बनहोरा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का गांव भी है. दरअसल, मंत्री ने इससे पहले घोषणा की थी कि अब बड़े शहरों की जगह ग्रामीण और छोटे शहरों में भी किसान मेला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

**किसान व्यवसायी बनें, मजदूर नहीं: शिल्पी नेहा तिर्की**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के खेतिहर किसानों को अपनी भूमिका व्यवसायी के तौर पर निभानी होगी. वो खुद की जमीन पर उन्नत कृषि के सहारे लाखों का रोजगार कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि आज सरकार प्रायोजित कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कई योजनाएं ऐसी हैं, जो किसानों को बेहतर अवसर प्रदान कर रही हैं. बनहोरा मैदान में कृषि प्रदर्शनी के साथ-साथ विभाग की योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए थे. गांव के लोगों को स्टॉल पर विभाग के द्वारा संचालित अलग-अलग योजनाओं का लाभ लेने से संबंधित प्रक्रिया से अवगत कराया गया.




जानकारी देते मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की (ईटीवी भारत)

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर कहा कि बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज लोग खेती बाड़ी के बजाय, दूसरों के घर मजदूरी करना पसंद करते हैं. जबकि पहले जहां एक एकड़ में 25 हजार का मुनाफा किसानों को होता था, वहीं अब बदलते हुए तकनीक से उन्नत कृषि के साथ ये मुनाफा बढ़कर 1 लाख तक पहुंच गया है. इसके लिए सिर्फ सही फसल और कृषि की उन्नत विधि से किसानों को जुड़ने की जरूरत है.
मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नामक एफपीओ का जिक्र करते हुए उसकी उपलब्धि को बताया है. एफपीओ का सालाना कारोबार 1 करोड़ रुपए के आसपास तक पहुंच गया है. ऐसा सामूहिक प्रयास और कड़ी मेहनत की बदौलत हो सका है. यही वजह है कि विभाग की तरफ सरहुल आजीविका को 15 लाख रुपए का ग्रांट दिया गया है. इस कृषि कर्मशाला में विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण शूकर पालन करते हैं. लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि झारखंड के शूकर की मांग पूरे देश भर में हैं. शूकर पालन के जरिए बेहतर मुनाफा और व्यापार किया जा सकता है.

**पलायन से बचना है तो आधुनिक कृषि से जुड़ना होगा: बंधु तिर्की**

कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आज आपके गांव घर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग खुद योजनाओं की सौगात लेकर पहुंची है. गांव के किसान विभाग की योजनाओं से जुड़कर कृषि के क्षेत्र में अपने भविष्य को संवार सकते हैं. पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य में अगर रोजगार के लिए पलायन से बचना है तो कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और सहकारिता से जुड़ना होगा. उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों को आज के दिन हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है. लेकिन इसके लिए विभागीय प्रक्रिया को पूरा करना होगा और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए कृषि कर्मशाला का आयोजन किया गया है.
इस मौके पर मंच से मंत्री के हाथों सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और सरई फुल महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को 15-15 लाख का ग्रांट दिया गया. जबकि किसान समृद्धि योजना के तहत पुनीता खलखो और सुमन उरांव को योजना का लाभ दिया गया. मौके पर स्थानीय जन प्रतिनिधि नीलम तिर्की, आशा देवी, पुष्पा टोप्पो, रियाजुल के अलावा शिव कच्छप, दीपू सिन्हा, प्रकाश तिर्की, मुंतजिर खान, बेचू तिर्की, ललित कच्छप, सुका उरांव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे.



# गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करता है एवोकाडो

**आपके शरीर को कोलेस्ट्रॉल की थोड़ी मात्रा की आवश्यकता होती है। लेकिन जब यह मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाती है तो व्यक्ति को दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसे गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह आमतौर पर असंतुलित जीवनशैली के वजह से होता है। ऐसे में एवोकाडो का सेवन आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।**

कोलेस्ट्रॉल आपके शरीर का एक जरूरी हिस्सा है। यह लीवर द्वारा निर्मित होता है, लेकिन यह पशु उत्पादों में भी पाया जा सकता है जो आप खाते और पीते हैं। क्यों जरूरी है कोलेस्ट्रॉल? हमें खून में थोड़ी मात्रा में कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है क्योंकि आपका शरीर इसका उपयोग कोशिका झिल्ली की संरचना का निर्माण करने के लिए करता है। इसके अलावा यह शरीर में एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन और एड्रेनल जैसे हार्मोन बनाते हैं। और आपके चयापचय को कुशलता से काम करने में मदद करता है, साथ ही बॉडी में विटामिन डी के उत्पादन के लिए आवश्यक होता है। लेकिन खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का बढ़ने से आपको दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसी परेशानी में का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज होते हैं, उन्हें अपने खान–पान में सुधार करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में यदि आपको हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है तो एवोकाडो आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रोल के कोई लक्षण दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसका पता केवल खून जांच करवाने पर ही होता है। इसलिए एक्सपर्ट हर पांच साल में कोलेस्ट्रोल टेस्ट करवाने की सलाह देते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित शोध के अनुसार, हर दिन एक एवोकैडो का सेवन करने से आपके खून में जमा होने वाले गंदे कोलेस्ट्रोल को कम करने का काम कर सकता है। मक्खन स्वाद वाले इस फल को बटर फ्रूट भी कहा जाता है। इसमें मौजूद भरपूर पोषक तत्वों और इसके हेल्थ बेनिफिट्स के कारण इसे सुपर फूड की लिस्ट में भी शूमार किया गया है।

## एवोकाडो में पाए जाने वाले पोषक तत्व

अच्छे वसा और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले गुणों के अलावा, एवोकाडो में ऊतक वृद्धि और मरम्मत के लिए विटामिन सी, ब्लड हेल्थ के लिए विटामिन च,कोशिका और ऊतक कार्य के लिए फोलेट, प्रतिरक्षा फंक्शन के लिए विटामिन बी –6, फाइबर, और बहुत कुछ होता है। इसके अलावा इसमें आयोडीन, प्रोटीन, खनिज तत्व, फैटी एसिड, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, पोटेशियम, तांबा, मैंगनीज, फास्फोरस, जस्ता, विटामिन सी, विटामिन बी–12, विटामिन ए, विटामिन डी, विटामिन ई, थाइमिन, रिबोफ्लैविना, नियासिन पाए जाते हैं।



# खून में बढ़े यूरिक एसिड को किचन की ये चीजे करेंगी काबू

**खून में यूरिक एसिड बढ़ने को हाइपरयूरिसीमिया कहा जाता है। आज के समय में यह बीमारी बहुत सामान्य रूप से लोगों में देखने के लिए मिलती है।**

## कैसे बढ़ जाता है यूरिक एसिड?

मायो क्लिनिक के अनुसार, अधिकांश समय यूरिक एसिड का स्तर तब बढ़ जाता है, जब आपके गुर्दे यूरिक एसिड को कुशलतापूर्वक समाप्त नहीं कर पाते हैं। जिन चीजों के कारण से यूरिक एसिड को हटाने में किडनी सक्षम नहीं होता है, उनमें समृद्ध खाद्य पदार्थ, अधिक वजन होना, मधुमेह होना, कुछ मूत्रवर्धक लेना और बहुत अधिक शराब पीना शामिल हैं।

यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इन बीमारियों में मुख्य रूप से गाउट, दिल की बीमारी, किडनी संबंधित समस्या शामिल है।

यूरिक एसिड नोर्मली कितना होना चाहिए? पुरूषों में 3.4–7.0 मिलीग्राम, महिलाओं में 2.4–6.0 मिलीग्राम तक यूरिक एसिड किसी तरह का जोखिम नहीं पैदा करता है। यदि आपका यूरिक एसिड बढ़ गया है तो आप इसे कुछ उपायों से घर पर ही कंट्रोल कर सकते हैं।

## सेब के सिरके से होगा यूरिक एसिड कंट्रोल

सेब का सिरका नेचुरल क्लींजर और डिटॉक्सीफायर है जो शरीर से यूरिक एसिड को साफ करने का काम करता है। इसमें मौजूद एसिड यूरिक एसिड को तोड़कर बाहर निकालने का काम करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

1 चम्मच सेब के सिरके को एक गिलास पानी में अच्छी तरह से घोल लें। अब इस घोल को पूरे दिन में 2–3 बार पिएं। ऐसा तब तक करते रहें जब तक यूरिक एसिड कंट्रोल नहीं हो जाता है।

## जैतून से कम होता है यूरिक एसिड

एनसीबीआई के अनुसार,जैतून का तेल यूरिक एसिड को कम करने का काम कर सकता है। दरइअसल, इसमें विटामिन ई के अलावा विटामिन के, आयरन, ओमेगा 3, फैटी एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो यूरिक एसिड को कम करने में सहायक है।

### कैसे करें इस्तेमाल

सब्जियों को बनाने के लिए घी या अन्य खाद्य तेल की जगह जैतून का तेल इस्तेमाल करें।

बेकिंग सोडा से करें यूरिक एसिड पर काबू

बेकिंग सोडा बढ़े यूरिक एसिड के स्तर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह इसे कम करने के साथ ही गाउट के दर्द को भी दूर करने का काम करता है। यह अल्कलाइन के लेवल को बनाए रखता है जिससे यूरिक एसिड को घुलनशील बना देता है।

## यूरिक एसिड का घरेलू उपाय है नींबू

एक स्टडी के अनुसार, नींबू आपके शरीर में अल्कलाइन के प्रभाव को बढ़ाकर यूरिक एसिड को कम करने का काम करता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद विटामिन सी यूरिक एसिड के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल


एक गिलास हल्के गर्म पानी में नींबू का रस निचोड़ लें। फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। हफ्तेभर इसके सेवन से तुरंत असर दिखने लगता है।

# कैसे वजन कम करता है लो कार्ब्स डाइट

**हमारे पास कई तरह के फूड्स उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी एक को चुनना और उसके साथ रोल करना हमेशा मुश्किल होता है। इन डाइट में लो-कार्ब डाइट भी शामिल है, जो वजन घटाने के लिए सबसे पहले याद की जाती है। लो-कार्ब डाइट मतलब यह है कि जब कोई व्यक्ति कार्बोहाइड्रेट का सेवन बंद कर देता है और इसके बजाय प्रोटीन, स्वस्थ वसा और सब्जियों का सेवन करता है। यह खाने की इच्छा को कम करके, कार्ब्स को प्रोटीन से बदलकर आसानी से वजन कम करने में मदद करता है।**

## क्या होता है कार्बोहाइड्रेट?

कार्बोहाइड्रेट मुख्य खाद्य प्रकारों में से एक हैं, जिनकी हमें शरीर के सभी कार्य के लिए आवश्यकता होती है। जब हम कार्ब्स का सेवन करते हैं, तो हमारा शरीर उनसे ऊर्जा प्राप्त करने के लिए उन्हें तोड़ता है। जब शरीर को उन कार्ब्स की तुरंत जरूरत नहीं होती है, तो यह उन्हें हमारी मांसपेशियों और लीवर में जमा कर देता है। जब ये जमा हुआ कार्ब्स लंबे समय तक अनुपयोगी हो जाते हैं, तो हमारा शरीर उन्हें वसा में बदल देता है।




## लो कार्ब डाइट कौन–सी है

कम कार्ब आहार में कई अलग–अलग प्रकार के आहार शामिल हो सकते हैं और इससे वजन कम हो सकता है। कम कार्ब आहार के माध्यम से वजन कम करना प्रभावी होता है क्योंकि वे आपकी भूख को कम करते हैं। आप भूख महसूस किए बिना भी कम कैलोरी खाते हैं, क्योंकि प्रोटीन और वसा आपको भर देते हैं। कम कार्ब वाला आहार पहले छह महीनों में वजन घटाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है, और अगर आपको इसकी जरूरत है तो आपको तेजी से वजन कम करने में मदद करता है।

## किन चीजों से बचें और किन्हें खाएं

प्राकृतिक वसा जैसे मक्खन, मेवा, बीज और तेल के साथ पत्तेदार हरी सब्जियों के साथ प्रोटीन मिलकर कम कार्ब वाले आहार को बनाते हैं। ब्रेड, चावल, आलू, फल, चॉकलेट, सोडा आदि जैसे चीनी से भरे और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों से बचने के लिए ध्यान रखने की जरूरत है।



# स्वास्थ्य के लिए आयरन की मात्रा को नियंत्रित करना जरूरी

**आयरन हमारे शरीर के लिए एक जरूरी पोषक तत्व है। बावजूद इसके अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से स्वास्थ्य और शरीर को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अन्य पोषक तत्वों की ही तरह आयरन की मात्रा को भी नियंत्रित करने की जरूरत होती है।**

किसी भी चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। आयरन के लिए भी यही बात लागू होती है। आयरन एक जरूरी मिनरल है, जो आपके शरीर को ऊर्जा देने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए जरूरी है। इसका सीधा सा मतलब है कि आपको रोजाना आयरन की जरूरत है। हालांकि, ऐसे कई लोग भी हैं, जो कम मात्रा में आयरन लेने के कारण आयरन की कमी से जूझते हैं। जहां आयरन की कमी से एनीमिया और थकान हो सकती है, वहीं इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करना भी अच्छा नहीं है। सिर्फ इसलिए कि आयरन जरूरी है, इसका मतलब यह नहीं कि आप अधिक मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं। किसी भी पोषक तत्व के सेवन का नियम इसे सही मात्रा में लेना है। जबकि अन्य पोषक तत्वों की तरह इसका अधिक सेवन करना हानिकारक है। यहां तक की जो लोग इसकी ओवरडोज लेते हैं, उनके लिए यह किसी जहर से कम नहीं है। आयरन हीमोग्लोबिन का भी जरूरी हिस्सा है। हीमोग्लोबिन रेड ब्लड सेल्स में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है। यह बॉडी के सभी सेल्स तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है। एनसीबीई की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों को अपने आहार में आयरन नहीं मिलता, उनमें आयरन की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से महिलाओं में आयरन की कमी बहुत देखी जाती है।

अपनी बॉडी में आयरन लेवल को नियंत्रित करने के दो कारण हैं। पहला , जरूरी पोषक तत्व होने के कारण आयरन शरीर के कई कामों में बुनियादी भूमिका निभाता है। इसलिए हमें थोड़ी मात्रा में ही इसे लेना चाहिए। वहीं अधिक मात्रा में आयरन जहरीला होता है, इसलिए बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन से बचना भी चाहिए।

## कब बन जाता है आयरन जहरीला

आयरन धीरे–धीरे या कभी–कभी अचानक जहरीला हो सकता है। आयरन इसके जरूरत से ज्यादा सेवन के कारण जहरीला हो सकता है खासतौर से तब जब लोग आयरन सप्लीमेंट का ओवरडोज लें या फिर व्यक्ति क्रॉनिक आयरन ओवरलोड डिसऑर्डर से ग्रसित हो। बता दें कि इससे आयरन पॉइजनिंग, हैरिडेट्री हैमोक्रोमेटोसिस जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती है। एक स्टडी के अनुसार, 40 मिग्रा से ज्यादा आयरन का सेवन करने पर आपको मेडिकल हेल्प की जरूरत पड़ सकती है।

## आयरन और कैंसर का संबंध

एक स्टडी के अनुसार, आयरन की अधिक मात्रा से जानवर और मनुष्यों दोनों में कैंसर हो सकता है। नियमित रूप से ब्लड डोनेट करने से इस रिस्क को कम करने में मदद मिल सकती है।

## बढ़ सकता है इंफेक्शन का खतरा

स्टडी के अनुसार, आयरन ओवरलोड और आयरन की कमी दोनों ही संक्रमण को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि आयरन सप्लीमेंट से भी संक्रमण की गंभीरता बढ़ सकती है। जिन लोगों में इंफेक्शन का रिस्क ज्यादा है, उन्हें बहुत सोच समझकर इसका सेवन करना चाहिए।

अधिक मात्रा में आयरन हानिकारक हो सकता है। हालांकि , आयरन सप्लीमेंट उन लोगों के लिए फायदेमंद हे, जो आयरन की कमी से पीड़ित हैं। लेकिन उन लोगों के लिए जहर है, जिन्हें आयरन की कमी नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, बिना डॉक्टर की सलाह के आयरन सप्लीमेंट कभी नहीं लेना चाहिए।



# आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है सुबह खाली पेट चाय की चुस्की

**अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके लिए चाय एक एनर्जी ड्रिंक का काम करती है या फिर जिनकी सुबह ही एक कप गर्म प्याली चाय के साथ होती है तो यह खबर आपके लिए ही है। जी हां क्या आप जानते हैं खाली पेट सुबह की चाय की गर्म चुस्की आपकी सेहत पर कितना बुरा असर डाल सकती है। आइए जानते हैं।**

सुबह खाली पेट चाय पीने से पेट में अम्लीय और क्षारीय पदार्थों के असंतुलन की वजह से चयापचय प्रणाली बाधित हो सकती है। यह शरीर की नियमित चयापचय गतिविधि में हस्तक्षेप करके व्यक्ति को दिन भर परेशान रख सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, जब दूध को चाय के साथ मिलाया जाता है, तो दूध में मौजूद वजन घटाने के लिए जिम्मेदार तत्वों का असर कम हो जाता है। इसके अलावा दूध से बनी चाय पेट के एसिड को बढ़ाकर आपके पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डाल सकती है। जो कि वजन बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है।

## अल्सर की समस्या

अक्सर आपने कई लोगों को यह कहते सुना होगा कि उन्हें सुबह उठते ही एकदम स्ट्रॉन्ग और गर्मागरम चाय पीना पसंद है। पर क्या आप जानते हैं सुबह–सुबह खाली पेट गर्म चाय पीने से पेट की अंदरूनी हिस्से पर चोट लग सकती है, जो आगे चलकर पेट के अल्सर का कारण भी बन सकता है।

## मोटापे की समस्या

खाली पेट चाय पीने से उसमें घुली हुई चीनी शरीर में प्रवेश करती है, जिससे व्यक्ति का वजन बढ़ने के साथ मोटापा भी बढ़ता है।

## हड्डियों के लिए बुरी है चाय

खाली पेट लंबे समय तक रोज कई कप चाय के पीने से स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी बीमारी हो सकती है यह बीमारी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना देती है। जिसकी वजह से कई गंभीर बीमारी भी हो सकती है।

## थकान और चिड़चिड़ापन

ऐसा कहा जाता है कि चाय पीने से ताजगी आती है। हालांकि सच तो ये है कि सुबह दूध वाली चाय पीने से काम में थकान और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

## पाचन क्रिया पर बुरा असर

सुबह उठते ही कई लोग खाली पेट चाय पीने लगते हैं। जिसकी वजह से उनके पेट में गैस बनने के साथ उनकी पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है। खाली पेट चाय पीने से पित्त की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। जिसकी वजह से मिचली और बेचैनी महसूस हो सकती है।

## तनाव बढ़ने का है कारण

सुबह उठते ही फ्रेश और ऊर्जावान बने रहने के लिए लोग एक कप चाय पीना पसंद करते हैं। नतीजतन, ऐसे व्यक्तियों के शरीर में कैफीन की मात्रा काफी बढ़ जाती है और उन्हें नींद न आने के साथ तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं घेर सकती हैं।


## ह्रदय रोग का खतरा

खाली पेट चाय पीने से इसमें मौजूद कैफीन तेजी से शरीर में घुलने लगता है। जो व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को प्रभावित करके दिल की सेहत पर भी बुरा असर डालता है।

## इस तरह से पिएं चाय

अगर आप चाय के शौकीन हैं तो हमेशा न ही ज्यादा गर्म और न ही अधिक ठंडी चाय पीएं। सुबह उठते ही चाय पीने की आदत है तो खाली पेट चाय पीने की जगह उसके साथ बिस्किट या स्नैक्स जरूर लें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**



# महाभारत में भगवान कृष्ण की भूमिका निभाना चाहते हैं आमिर खान


बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान आमिर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में दिलचस्प खुलासा किया।

आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। एक खबर के मुताबिक, उन्होंने बताया, महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है। इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि महाभारत एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह कौन सा किरदार निभाना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे भगवान कृष्ण का किरदार बहुत पसंद है। मैं उनसे बहुत प्रेरित हूं।

### बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी महाभारत

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी वे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। कास्टिंग के बारे में आमिर ने बताया कि हर किरदार के लिए सही अभिनेताओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि कौन सा किरदार किसके लिए सही है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वह खुद इस फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे, क्योंकि यह इतना बड़ा प्रोजेक्ट है कि इसे एक फिल्म में नहीं बताया जा सकता। इसके लिए कई फिल्मों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, यह कई फिल्मों की सीरीज होगी। हो सकता है कि हमें कई निर्देशकों की भी जरूरत पड़े।

आमिर खान जल्द ही फिल्म सितारे जमीन पर नजर आएंगे, यह फिल्म उनकी फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल है। हाल ही में आमिर ने फिल्म सितारे जमीन पर का एक पोस्टर रिलीज किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# भूमि ने बताया उनके लिए क्यों खास है 'द रॉयल्स'

**अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इन दिनों अपने आगामी शो 'द रॉयल्स' को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। वो अपने शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। शो में भूमि एक आत्मविश्वासी और खुले विचारों वाली लड़की का किरदार निभा रही हैं। जो उनके बाकी किरदारों से काफी अलग है। अब उन्होंने सीरीज के अपने किरदार और अपने को-स्टार ईशान खट्टर के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की।**

शो को लेकर एक्ट्रेस का कहना है कि पहली बार स्क्रीन पर उनके लुक पर वाकई ध्यान दिया गया और उनकी देखभाल की गई।

अपनी हालिया बातचीत में भूमि पेडनेकर ने सीरीज 'द रॉयल्स' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए सबसे अलग था। क्योंकि यह पहली बार था जब मुझे अपने ऑन-स्क्रीन लुक के साथ वास्तव में प्रयोग करने का मौका मिला। पहली बार ऐसे लोग थे जो वास्तव में इस बात की परवाह करते थे कि मैं स्क्रीन पर कैसी दिखती हूं, जो मेरे लिए एक नया और ताजा अनुभव रहा। मैंने कभी भी कट, कट, बाल ठीक नहीं है, ये एंगल, वो एंगल, ऐसा अनुभव किया ही नहीं था। 'द रॉयल्स' में ऐसा देखकर मैं वाकई हैरान थी और काफी खुशी मिली।

### मेरे व्यक्तित्व को दर्शाता है सोफिया का किरदार

इस दौरान भूमि ने अपने किरदार सोफिया को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, सोफिया की भूमिका निभाना, मेरे अपने व्यक्तित्व को दर्शाता है। मैंने कभी किसी किरदार को निभाने में इतना आत्मविश्वास महसूस नहीं किया, जो बदले में दर्शकों के लिए खुल जाता है। मुझे सोफिया का किरदार निभाना बहुत पसंद आया।

### ईशान खट्टर ने निभाया है लीड रोल

प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित 'द रॉयल्स' 9 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस शो में भूमि के साथ ईशान खट्टर और जीनत अमान समेत कई कलाकार नजर आएंगे। एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा सीरीज बताई जा रही है।



# सिंगल मदर के टैग में यकीन नहीं रखतीं एशा देओल

धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी और चर्चित अभिनेत्री एशा देओल ने कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म तुमको मेरी कसम के जरिए उन्होंने इस साल लंबे अरसे बाद फिर परदे पर वापसी की। निजी जिंदगी की बात करें तो एशा की शादी भरत तख्तानी से हुई। हालांकि अब दोनों का तलाक हो चुका है। एशा और भरत की दो बेटियां हैं। एशा का कहना है कि वे सिंगल मदर के टैग में यकीन नहीं रखतीं।

भरत और एशा मिलकर कर रहे बेटियों की परवरिश

शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव आने के बाद एशा और भरत ने शादी के करीब 12 साल बाद तलाक ले लिया। यह खबर सभी के लिए चौंकाने वाली थी। अब, एशा ने सिंगल मदर लेबल पर खुलकर बात की और बताया कि वह इसमें यकीन नहीं करती हैं। उन्होंने आगे बताया कि वे अपने एक्स हसबैंड भरत के साथ मिलकर अपनी दोनों बेटियों की परवरिश कर रही हैं।

एशा देओल ने ममराजी यूट्यूब चैनल को दिए गए एक इंटरव्यू में अपनी दो बेटियों राध्या और मिराया की परवरिश को लेकर बात की। उनसे पूछा गया कि क्या सिंगल मॉम बनना मुश्किल रहा या यह रिवॉर्डिंग है? इस पर एशा ने कहा कि वह खुद को सिंगल मॉम के तौर पर नहीं देखती हैं। आगे कहा, मैं खुद को सिंगल मॉम के तौर पर नहीं देखना चाहती, क्योंकि मैं खुद सिंगल मॉम की तरह व्यवहार नहीं करती और न ही मैं दूसरे लोगों को मेरे साथ ऐसा व्यवहार करने देती हूं।

कैसे मैनेज करती हैं?

एशा ने कहा कि उन्होंने और भरत तख्तानी ने अपनी बेटियों की खातिर एकजुट परिवार बनाए रखने के लिए अपनी भूमिकाएं बदल ली हैं। उन्होंने बताया कि अलग होने के बाद भी वे दोनों अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करते हैं। एशा ने यह भी बताया कि वह अपने काम और मातृत्व को कैसे मैनेज करती हैं। उन्होंने कहा कि टाइम मैनेजमेंट के जरिए दोनों चीजों में बैलेंस बनाना होगा। एशा ने बताया कि बेटियों के साथ पर्याप्त समय बिताने के लिए वे पहले से ही शेड्यूल तय कर लेती हैं।

# द भूतनी के बाद अब इस फिल्म में नजर आएंगी पलक तिवारी

पलक तिवारी की फिल्म द भूतनी हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया है। अब इसी महीने पलक की एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। आज यानी 5 मई 2025 को रेमियो एस 3 का ट्रेलर मेकर्स ने जारी कर दिया। इस फिल्म में ठाकुर अनूप सिंह के साथ पलक तिवारी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक गुड्डू धनोवा ने किया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में एक्शन के साथ रोमांस और इमोशन का तड़का भी लोगों को देखने को मिलेगा।



# फिल्म 'बेबी जॉन' में मैंने अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया था

पिछले साल वरुण धवन की एक फिल्म 'बेबी जॉन' रिलीज हुई, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी बतौर हीरोइन नजर आईं। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली। हाल ही में इस फिल्म के फ्लॉप होने के बारे में वामिका ने बात की।

### फिल्म की असफलता का कारण बताया

हाल ही मे बातचीत में वामिका कहती हैं, 'मैंने अपना बेस्ट परफॉर्मेंस फिल्म 'बेबी जॉन' में दिया था और मुझे लगता है कि सभी ने अपना बेस्ट दिया था। कई लोगों को यह फिल्म पसंद आई और बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आई। कई लोगों का मनाना था कि यह साउथ फिल्म 'थेरी' की फ्रेम-टू-फ्रेम रीमेक थी, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है।' बताते चलें कि फिल्म 'बेबी जॉन' साउथ फिल्म 'थेरी' की रीमेक थी। साउथ वाली फिल्म को एटली ने निर्देशित किया था, वहीं हिंदी फिल्म को एटली ने प्रोड्यूस किया। दोनों फिल्मों का खूब कंपैरिजन हुआ, जिसमें 'थेरी' लोगों को ज्यादा अच्छी लगी।

### 'भूल चूक माफ' में क्या है वामिका का किरदार

फिल्म 'भूल चूक माफ' में वामिका ने एक छोटे शहर की लड़की का रोल किया है। हाल में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वामिका अपने किरदार के बारे में बताती हैं।

वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म 'भूल चूक माफ का ऑफर मुझे मिला। इसमें मैंने तितली का किरदार निभाया है, इसे निभाने में मजा आया। मुझे लगता है कि कई लड़कियां इस किरदार से कनेक्ट करेंगी।' इस फिल्म की कहानी को भी वामिका अलग बताती हैं। इस फिल्म की कहानी टाइम लूप पर है, फिल्म में हीरो की शादी का दिन आता ही नहीं है, हल्दी वाला दिन ही बार-बार लूप में चलता रहता है।



# तीरंदाजी विश्व कप चरण-2 में मधुरा ने जीता पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक

एजेंसी

**शंघाई :** तीरंदाजी विश्व कप चरण-2 में स्वप्निल वापसी करते हुए मधुरा धामनगांवकर ने शनिवार को यहां यूएसए की कार्सन क्रेहे पर 139-138 से शानदार जीत दर्ज कर अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। मधुरा तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में बिना किसी रैंक के हैं। वह तीसरे सेट के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं, लेकिन 24 वर्षीय तीरंदाज ने दबाव में उल्लेखनीय संयम दिखाया और लगभग दोषरहित चौथे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर स्कोर 110-110 पर बराबर कर दिया। निर्णायक सेट में उन्होंने दो परफेक्ट 10 और 9 के स्कोर के साथ अपनी हिम्मत बनाए रखी और रोमांचक अंत में क्राहे को एक अंक से पीछे छोड़ दिया। यह मधुरा का इस स्पर्धा में तीसरा पदक था। इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था, जो तीन साल बाद



अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी में उनकी उल्लेखनीय वापसी थी। 24 वर्षीय मधुरा ने पहले कभी विश्व कप पदक नहीं जीता था, तीन साल बाद वापसी करते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में थी।

इससे पहले भारतीय मिश्रित तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में टीम स्पधाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम का जीता गया स्वर्ण था, जिन्होंने तनावपूर्ण फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया।

भारत ने पहले छोर पर लगभग दोषरहित 59 अंकों के साथ 2 अंकों की बढ़त लेते हुए जोरदार शुरूआत की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे छोर पर मैक्सिको ने 58 अंकों के साथ वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंकों के साथ मैच को आधे चरण में 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे दौर में भारत ने 58 का स्कोर करके फिर बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 का स्कोर बनाया, जिससे भारतीयों को 173-172 की मामूली बढ़त मिली। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम दौर में अपना धैर्य बनाए रखा और शानदार 59 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 का स्कोर ही बना सका। महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम ने मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हारकर रजत पदक जीता। यह एकतरफा मुकाबला था, लेकिन भारतीय महिलाओं ने पूरे टूनामेंट में अपना दमखम दिखाया और पोडियम पर जगह बनाई। पदक तालिका में वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता।

# श्रीमंत झा ने एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य, शहीदों को किया समर्पित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने एक बार फिर देश का नाम रोशन कर दिया है। दिल्ली में आयोजित एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में +85 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने शनिवार को कांस्य पदक अपने नाम किया। इस खास मौके पर श्रीमंत ने अपनी जीत भारत के शहीद जवानों को समर्पित की, जिससे देशवासियों की भावनाओं को गहराई से छू लिया। श्रीमंत झा अब तक 55 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। पदक जीतने के बाद उन्होंने कहा, ह्लहर एक मैच शहीदों के सम्मान के लिए खेलता हूं। ये मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं, एक मिशन है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि उनकी नजर अब



आगामी अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट्स पर है और वे भारत को और गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। श्रीमंत झा की कहानी सिर्फ खेल की नहीं, संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। दोनों हाथों में केवल चार उंगलियां होने के बावजूद वे दुनिया के तीसरे नंबर के और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर हैं। उनका यह जज्बा लाखों युवाओं को प्रेरणा देता है। श्रीमंत की इस उपलब्धि पर पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.सुरेश बाबे, चेयरमैन बृजमोहन सिंह, सचिव श्रीकांत और कृष्ण साहू ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्रीमंत झा का यह मेडल न सिर्फ उनकी मेहनत का नतीजा है, बल्कि हर उस भारतीय का गर्व है, जो सीमाओं पर तैनात सैनिकों का आदर करता है। उनका अगला लक्ष्य अब विश्व चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराना है।

न्यूज ब्रीफ

## सूडान में जेल पर ड्रोन हमला, 19 कैदियों की मौत



**खार्तूम :** सूडान के पश्चिमी हिस्से नॉर्थ कोदोर्फान राज्य के एल ओबैद शहर में स्थित केंद्रीय जेल पर शनिवार को ड्रोन हमले हुए। इसमें कम से कम 19 कैदियों की मौत हो गई और 45 से अधिक घायल हो गए। यह जानकारी एक चिकित्सा सूत्र और चश्मदीदों ने दी। एल ओबैद अस्पताल के एक चिकित्सा सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल में 19 शव और 45 घायल लाए गए हैं। उसने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

जेल भवन के पास मौजूद एक चश्मदीद ने बताया, ₹तीन ड्रोन ने पांच मिसाइलें दागीं, जिनमें से तीन सीधे जेल भवन और कैदियों के रहने वाले हिस्से पर गिरीं। एक अन्य चश्मदीद ने कहा, जेल के अंदर राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है और मृतकों और घायलों की संख्या आधिकारिक आंकड़ों से अधिक हो सकती है।

अब तक इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने हाल ही में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों और प्रमुख सुविधाओं पर ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं, जिनमें एल ओबैद भी शामिल है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, आरएसएफ ने पोर्ट सूडान पर सातवें दिन भी ड्रोन हमला जारी रखा। यह शहर मई 2023 से देश की प्रशासनिक राजधानी बन चुका है। हालांकि, आरएसएफ ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि अप्रैल 2023 के मध्य से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं। सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, इस संघर्ष के चलते अब तक 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

## राष्ट्र एवं वीर जवानों के लिए श्रीनृसिंह जयंती पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान

**बांसवाड़ा :** श्री जगतगुरु शंकराचार्य संस्थान के आव्हान पर भारत के संपूर्ण श्रीनृसिंह भगवान मंदिरों मे नृसिंह जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहे हैं। इसी क्रम में बांसवाड़ा जिले के एकमात्र श्रीनृसिंह मंदिर मे पंच चौबीसा ब्राह्मण समाज, बाँसवाडा, द्वारा निज मंदिर में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान रखने का संकल्प किया है' राजस्थान ब्राह्मण महासभा एवं चौबीसा समाज के अध्यक्ष सुधीर चौबीसा ने बताया कि आयोजन में राष्ट्र एवं वीर जवानों के विजयश्री के लिए श्रीनृसिंह भगवान स्त्रोत पाठ के साथ आहूतियां दी जाएंगी, जिसमें समस्त पंच चौबीसा ब्राह्मण समाज के साथ समग्र सर्व सनातन समाज की सहभागिता रहेगी।

उन्होंने सभी समाजजनों से विशेष आग्रह किया है कि- राष्ट्र एवं वीर जवानों के सर्वोच्च पराक्रम के साथ विजयश्री के इस अनुष्ठान में सपरिवार सहभागी बनकर राष्ट्रधर्म का कर्तव्य पूर्ण कर श्रीनृसिंह भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें!

## यूक्रेन में शांति के लिए पुतिन का फैसला

नई दिल्ली : रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन युद्ध में शांति का नया प्रस्ताव रखा है। विजय दिवस के समापन के बाद पुतिन ने कहा कि वह बिना किसी शर्त के तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में यूक्रेनी प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह बातचीत 15 मई को हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने कीव की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के कहने के बाद भी यूक्रेन बातचीत से पीछे हट गया था।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, रूस ने 2022 में वार्ता को नहीं तोड़ा था। फिर भी शांति के लिए हम प्रस्ताव दे रहे हैं कि बिना किसी शर्त के एक बार फिर हम कीव से सीधी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। रूसी नेता ने दावा किया कि मॉस्को बार-बार युद्धविराम की कोशिश कर रहा है लेकिन यूक्रेन की तरफ से उसके प्रस्तावों का कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹दोनों देशों के बीच में हुई बातचीत के बाद ही एक संयुक्त मसौदा दस्तावेज तैयार किया गया था, और तो और इसके ऊपर कीव के अधिकारियों के हस्ताक्षर भी थे। लेकिन बाद में पश्चिमी देशों के हस्ताक्षेप से यूक्रेन पलट गया और इस प्रस्ताव को कूड़ेदान में फेंक दिया।

## मानव रोबोट करेंगे दुश्मन का सामना जंगल-पहाड़ कहीं भी हो सकेंगे तैनात



**पुणे :** भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच डीआरडीओ के वैज्ञानिक सैन्य अभियानों के लिए मानव रोबोट बनाने पर काम रहे हैं। भविष्य में सैनिकों की सुरक्षा की दृष्टि से मानव रोबोट काफी कारगर साबित होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीआरडीओ के अंतर्गत आने वाली प्रमुख प्रयोगशाला अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर्स) एक ऐसी मशीन विकसित कर रही है, जो सीधे इंसानों के आदेश के तहत जटिल कार्य कर सकेगी।

इसका उद्देश्य खतरनाक वातावरण में सैनिकों के जोखिम को कम करना है। डीआरडीओ की इस प्रयोगशाला के अंतर्गत आने वाले सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी फॉर एडवांस्ड रोबोटिक्स सेंटर के समूह निदेशक एसई तलोले ने कहा, टीम चार साल से इस परियोजना पर काम कर रही है। हमने ऊपरी और निचले हिस्से के लिए अलग-अलग प्रोटोटाइप विकसित किए हैं।

इसके साथ ही टालोले ने बताया कि यह ह्यूमनॉइड रोबोट मानव आदेशों के तहत जटिल कार्य कर सकेगा और सीधे सैनिकों की जगह लेकर उन्हें जोखिम भरे इलाकों में जाने से बचा सकेगा। इसका उद्देश्य है कि कमांड पर चलने वाला एक ऐसा रोबोट बनाया जाए जो उच्च खतरे वाले मिशनों में मददगार साबित हो।

साल 2027 तक पूरी हो जाएगी परियोजना

तलोले ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह सुनिश्चित करना है कि रोबोट कार्यों को सुचारू रूप से कर सके, जिसके लिए संतुलन, तेजी से डाटा प्रोसेसिंग और जमीनी स्तर पर कार्य में महारत हासिल करना आवश्यक है। गौरतलब है कि इस तरह का रोबोट भारतीय सेना के लिए आने वाले समय में गेमचेंजर साबित हो सकता है। इससे न केवल सैनिकों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि तकनीक के मोर्चे पर भारत की आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा।

# देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर पूर्वोत्तर में 11 से 15 तक तेज बारिश की चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में मौसम का मिलाजुला असर दिखाई दे रहा है। उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई राज्यों में गर्मी कहर बरपा रही है और पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से पांच दिनों के अंदर उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा और झारखंड में भी तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। इन इलाकों में लू चलने की भी चेतावनी जारी की गई है। खासकर 11 से 15 मई के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर सकती हैं।



देश के उत्तरी इलाकों में दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बड़ी हलचल की संभावना है। एक विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के पास चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है, जबकि दूसरा ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इसके कारण 11 और 12 मई को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मैदानी राज्यों पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी इसी दौरान आंधी और बूंदाबांदी हो सकती है।

पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में अगले पांच दिनों में तेज बारिश और आंधी की संभावना जताई गई है। खासतौर पर 11 से 15 मई के बीच असम और मेघालय में 115 मिमी या उससे अधिक बारिश हो सकती है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।

10 से 13 मई तक आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने का पूवार्नुमान है। यह किसानों के लिए राहत की खबर हो सकती है, विशेषकर जहां गर्मी और सूखे का असर महसूस किया जा रहा है।

हिमाचल में बारिश-बर्फबारी से बढ़ी ठंड, मानसून एक सप्ताह पहले आने का अनुमान

हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में मई महीने में भी ठंड का दौर जारी है। शनिवार सुबह चंबा के सचे जोत, रोहतांग समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और शिमला-कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल जैसे कई क्षेत्रों में बारिश हुई। 16 मई तक हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश का दौर जारी रहने का पूवार्नुमान है। इस बार हिमाचल में एक सप्ताह पहले ही 20 जून तक मानसून पहुंच सकता है। केरल से दक्षिण पश्चिम मानसून की रफ्तार सामान्य रही तो हिमाचल पहुंचने में बीते कुछ वर्षों का रिकॉर्ड टूटेगा।।प्रदेश के इतिहास में सबसे पहले साल 2000 में नौ जून को मानसून पहुंचा था। साल 2024 में 27 और 2023 में 24 जून को मानसून ने प्रवेश किया। प्रदेश में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 22 जून मानी गई है। सबसे अधिक देरी से 5 जुलाई, 2010 को मानसून प्रदेश में पहुंचा था। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार प्रदेश में 20 जून के आसपास दक्षिण पश्चिम मानसून हिमाचल में पहुंचेगा। इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान सामान्य बारिश के आसार हैं। 10 से 15 जून के बीच प्री मानसून बौछारें पड़ने की संभावना है। उधर, शनिवार को लाहौल की पहाड़ियों पर बर्फबारी और कुल्लू, मनाली, सिस्सू व अटल अनल के दोनों छोर में बारिश हो रही है। इससे दोनों जिला में तापमान में गिरावट आई है। सचे जोत में 5.08 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। जोत को बहाल करने का कार्य बंद हो गया है। शुक्रवार रात को शिलारू में 43.6, जुब्बड़हट्टी में 34.5, कटौला में 28.3, जटौन बैराज में 22.0, मंडी में 21.2, सराहन में 19.5, नारकंडा में 16.0, शिमला में 12.4 और चौपाल में 10.0 मिलीमीटर बारिश हुई। 16 मई तक राज्य के मध्य पहाड़ी और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रहने के आसार हैं।

मई में अब तक सामान्य से 31 फीसदी अधिक बारिश

हिमाचल में 1 से 10 मई तक सामान्य से 31 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में 22 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 28.9 मिलीमीटर बारिश हुई। बिलासपुर में सामान्य से 351, हमीरपुर में 331, कांगड़ा में 123, मंडी में 145, शिमला में 116, सिरमौर में 309, सोलन में 269 व ऊना में 89 फीसदी अधिक बारिश हुई। चंबा में सामान्य से 1, किन्नौर में 78, कुल्लू में 28 और लाहौल-स्पीति में 47 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई।

# अमेरिका-चीन टैरिफ वार्ता में दिखी प्रगति, आज फिर होगी बातचीतः बाजार को राहत की आस

एजेंसी

**जिनेवा :** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ विवाद को लेकर हो रही गंभीर बातचीत शनिवार को 10 घंटे तक चली। साथ ही अब ये वार्ता रविवार को एक बार फिर शुरू होगी। अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी नाम नहीं बतना के शर्त पर यह जानकारी दी। शनिवार को बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चीन के साथ आज की बैठक बहुत अच्छी रही। कई मुद्दों पर बातचीत हुई और कई बातों पर सहमति बनी। हमने एक नए तरीके से, दोस्ताना माहौल में व्यापार संबंधों को रीसेट किया है।



बता दें कि इस बैठक में अमेरिका की ओर से ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमिसन ग्रीयर शामिल हुए, जबकि चीन का प्रतिनिधित्व वाइस प्रीमियर हे लिफेंग ने किया। ये बातचीत 18वीं सदी की एक ऐतिहासिक इमारत जेनेवा में स्विस यूएन राजदूत के निवास विला सलादिन में हुई।

बैठक के बाद भी बड़ी कामयाबी की उम्मीद कम

हालांकि किसी बड़ी सफलता की संभावना कम है, लेकिन यह उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देश एक-दूसरे पर लगाए गए भारी टैक्स यानी टैरिफ को कम कर सकते हैं। इससे वैश्विक बाजारों को राहत मिल सकती है। बता दें कि टैरिफ को लेकर विविदा बढ़ने के बाद पिछले महीने ट्रंप ने चीन से आने वाले सामानों पर कुल 145% तक टैक्स बढ़ा दिया था, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 125% तक टैक्स लगा दिया।

विवाद बढ़ा तो टैरिफ कम करने पर ट्रंप सहमत वहीं दूसरी ओर बीते शुक्रवार को ट्रंप ने इशारा दिया था कि अमेरिका चीन पर लगे टैरिफ में कमी कर सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी लिखा कि 80% टैक्स सही रहेगा। मामले में विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहली बार है जब हे लिफेंग और स्कॉट बेसेंट आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। वॉशिंगटन स्थित स्टिमसन सेंटर की विशेषज्ञ सुन युन ने कहा कि इस बैठक से किसी बड़ी उपलब्धि की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर दोनों देश टैरिफ में थोड़ी भी नरमी दिखाते हैं, तो यह एक सकारात्मक संकेत होगा।

ट्रंप और उनकी टैरिफ नीति

गौरतलब है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति पद पर लौटने के बाद एक बार फिर टैरिफ को अपनी आर्थिक नीति का प्रमुख हथियार बना लिया है। उन्होंने लगभग हर देश से आने वाले सामानों पर 10% टैक्स लगाया है। लेकिन चीन के साथ उनका टकराव सबसे ज्यादा तीखा रहा है। चीन पर लगाए गए टैरिफ का एक हिस्सा फेंटानिल नामक मादक पदार्थ को अमेरिका लाने से रोकने के लिए लगाया गया है, जबकि बाकी पुराने व्यापार विवादों से जुड़े हैं, जिनमें तकनीकी चोरी और सब्सिडी जैसे मुद्दे शामिल हैं।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा कड़ी

**अहमदाबाद :** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच शनिवार को गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने गांधीनगर स्थित स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में अहम बैठक की। इस बैठक का मकसद राज्य की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करना था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में स्थित वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों की सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। इसके साथ ही श्रीनगर और लेह स्थित भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के महत्वपूर्ण केंद्रों की सुरक्षा भी बढ़ाई जाएगी।

बता दें कि यह जानकारी विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी बयान में दी गई, जिसमें बताया गया कि आज एक उच्चस्तरीय बैठक में सुरक्षा हालात की समीक्षा की गई। इस बैठक में देश के वैज्ञानिक और तकनीकी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में विशेष तौर पर सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों जैसे जम्मू-कश्मीर, पंजाब, लद्दाख और भारत के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में स्थित अनुसंधान संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

संघर्ष विराम के उल्लंघन को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही कार्रवाई को रोकने का समझौता शनिवार शाम हुआ था। पिछले कुछ घंटों से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा था कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने शनिवार दोपहर 3:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 1700 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे।

# पाकिस्तान ने तीन घंटे बाद ही तोड़ा सीजफायर : भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश, सेना को फ्री हैंड : विदेश सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुआ संघर्षविराम (सीजफायर) महज तीन घंटे भी नहीं टिक पाया। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में फिर से शेलिंग और ड्रोन हमले शुरू कर दिए। भारत ने इसे अतिक्रमण की गंभीर कोशिश बताते हुए जवाबी सैन्य कार्रवाई तेज कर दी है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने साफ कहा कि पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद भारतीय सेना को पूरी छूट दे दी गई है। विदेश सचिव ने कहा, ह्लयह अतिक्रमण निंदनीय है। पाकिस्तान इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है और सीमा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।ह्व उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए और तत्काल प्रभाव से शांति का पालन करना चाहिए।

सीमा पर फिर से तनावपूर्ण हालात

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर समझौते के तहत दोनों देशों ने सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई थी। हालांकि, कुछ ही घंटों में पाकिस्तान ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए भारत के चार राज्यों में सैन्य हमले शुरू कर दिए। इसके तहत ड्रोन के जरिए बमबारी, मोर्टार शेलिंग और नियंत्रण रेखा (छ्ड्ढउ) के पास गोलाबारी की गई।



इन हमलों के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने तत्काल सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और कुछ देर में मीडिया को हालात की जानकारी देने के लिए ब्रीफिंग करने की घोषणा की।

रक्षा मंत्रालय की आपात प्रेस वार्ता

शनिवार शाम रक्षा मंत्रालय की ओर से भी आपात प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें थलसेना, वायुसेना और नौसेना के अधिकारी मौजूद थे। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह, और नेवी से कमोडोर रघु आर नायर शामिल हुए।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचनाओं को खारिज करते हुए कहा, ह्लपाकिस्तान का दावा है कि उसने हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को निशाना बनाया है, यह सरासर झूठ है। सिरसा, जम्मू, पठानकोट और भुज एयरबेस पूरी तरह सुरक्षित हैं।

उन्होंने आगे कहा, ह्लचंडीगढ़ और ब्यास के हथियार डिपो पर हमले का दावा भी निराधार है। हमारी सभी मिलिट्री फैसिलिटीज सुरक्षित हैं और कोई क्षति नहीं हुई है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, हम मस्जिदों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते, जैसा पाकिस्तान झूठा प्रचार कर रहा है।

भारत ने किया जोरदार जवाब

कर्नल सोफिया ने जानकारी दी कि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने पाकिस्तान की स्कर्दू, जैकबाबाद, सरगोधा और बुलारी एयरफील्ड पर गंभीर क्षति पहुंचाई है। इसके अलावा पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार नेटवर्क और कमांड एंड कंट्रोल इंस्टॉलेशंस को ध्वस्त कर दिया गया है।

उन्होंने कहा, ह्लहमारी कार्रवाई से पाकिस्तान की डिफेंसिव और ऑफेंसिव क्षमता को बड़ा झटका लगा है। भारतीय सेनाएं पूरी तरह सतर्क और युद्ध के लिए तैयार हैं। हम भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित हैं।ह्व

कमोडोर नायर ने कहा झ्र ह्लहर हिमाकत का जवाब मिलेगाह्व

भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी कमोडोर रघु आर नायर ने कहा, ह्लजैसा कि विदेश सचिव ने कहा, संघर्षविराम की सहमति के बावजूद पाकिस्तान की ओर से उल्लंघन हुआ है। भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना मातृभूमि की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत का निर्णायक और ताकतवर जवाब दिया गया है, और आगे भी दिया जाएगा।ह्व

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेनाएं किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर हैं और दुश्मन को जवाब देने में संकोच नहीं करेंगी।

आगे की रणनीति पर निगाहें

सरकार की ओर से विदेश मंत्रालय द्वारा जल्द ही विस्तृत प्रेस ब्रीफिंग की संभावना है जिसमें हालात की गंभीरता, भारत की कूटनीतिक रणनीति और आगे के कदमों पर जानकारी दी जाएगी। इधर, सीमा पर हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सेना की तैनाती बढ़ा दी गई है।

### उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना की विभागीय समीक्षा बैठक

# अधिकारियों को आपसी समन्वय और दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने का निर्देश

मेट्रो रेज




**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय और दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि इन वंचित समुदायों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सकें। जल जीवन मिशन के तहत जिले में 112 पीवीटीजी ग्रामों में जल आपूर्ति योजना पूर्ण हो चुकी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ढश्ळळ्रॅ परिवारों के घरों तक नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित हो। सभी खराब पड़े जलमीनार को ठीक करने हेतु निर्देश दिया गया जिससे कि ग्रामीणों को पेयजल मुहैया हो सके। पीएचडी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पीएचईडी के इंजीनियरों को स्थलीय निरीक्षण करने और जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों तक पानी नहीं पहुंचा तो इसका अर्थ होगा कि पूरी योजना विफल है। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान खराब पड़े चापाकल एवं जलमीनारों को यथाशीघ्र मरम्मती करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही साथ रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोएना गांव में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी नए सरकारी भवनों में दफ कोड तथा शिलापट्ट लगाने हेतु निर्देश दिया गया। दफ कोड में उक्त सरकारी भवन निर्माण का पूर्ण विवरण दिया जाएगा। उक्त दफ कोड को स्कैन करके भवन निर्माण संबंधी पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकेगा। बैठक में आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की गई । उपायुक्त ने कहा कि जिनलोगों का आयुष्मान कार्ड अबतक नहीं बना है। जांच कर उनलोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। जिससे कि जिले के जरूरतमंद लोग आयुष्मान योजना का लाभ ससमय ले सकें। समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले में 47 मोबाइल टावरों में से 39 टावर चालू हैं, जबकि 8 टावर अभी निर्माणाधीन हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से औरापाट एवं ललमटिया क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए, ताकि वहां के लोगों को सुचारु संचार सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए टावर लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। जएसएलपीएस की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि पीटीजीके को क्रियाशील किया जाए। साथ ही साथ पीवीटीजी समुदायों द्वारा निर्मित ग्रामीण उत्पादों को उज्जना बिज्जना योजना अंतर्गत संचालित गुमला हाट में भी प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, क्योंकि इस कार्य में देरी से ग्रामीणों को असुविधा हो रही है। बैठक में पीएम किसान योजना, केसीसी आयुष्मान भारत योजना,विश्वकर्मा योजना ,अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बैठक के अंत में कहा कि जिले के प्रत्येक पीवीटीजी नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं को समय रहते हल करना ही प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इसी भावना के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचडी,कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, जिला कौशल विकास पदाधिकारी,डीपीएम जेएसएलपीएस, सहित अन्य सम्बंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न



मेट्रो रेज

दुमकाः उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका (प्लस टू जिला स्कूल दुमका) में कक्षा 11वीं में नवनामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 2025 शनिवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में सम्पन्न हो गया।इंग्लिश मीडियम वाले उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थी एवं उनके अभिभावक उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए काफी खुश एवं उत्सुक दिखाई दे रहे थे। अभिभावकों से बात करने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए अभिभावक बताए कि अब झारखंड के सरकारी स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय में भी गरीब के बच्चे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर उत्कृष्ट ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राजहंस ने बताया कि आज के प्रवेश परीक्षा में कुल आवंटित 375 परीक्षार्थियों में 296 उपस्थित एवं 79 अनुपस्थित थे।श्री राजहंस ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका जिसे प्लस टू जिला स्कूल, दुमका के रूप में भी जाना जाता है एक ऐतिहासिक एवं झारखंड राज्य का एक उत्कृष्ट विद्यालय है। यहाँ का शैक्षणिक माहौल बहुत ही उच्च कोटि का है। यहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट अध्यापन कार्य किया जाता है।श्री राजहंस ने कहा कि झारखण्ड सरकार द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना एवं उसको तेजी से धरातल पर क्रियाशील करना उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में बेहतर साबित हो रहा है। परीक्षा नियंत्रक निवास रजक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल जल्दी जारी कर दिया जाएगा।कहा कि प्रवेश परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी।प्रवेश परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा,पूर्व प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार,इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, परीक्षा नियंत्रक निवास रजक,शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, स्नेहलता मराण्डी, राजीव कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार झा,संजय कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार घोष, विद्यासुंदर नन्दी, पार्थ प्रतिम कुंडू, लखी टुडू,अर्चना कुमारी,दिलीप कुमार,सुशीला किस्कू, तरन्नुम परवीन,अंजू एलिना किस्कू, अनन्या बनर्जी,आरिफ इकबाल,अशोक कुमार, पवन कुमार एवं हीरा लाल बेसरा के अलावे पूरे विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेलगाम हाइवा घर में घुसा एक की मौत,दो गंभीर



चतरा: जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के पांडेपुरा के भामडीह गांव में शनिवार की देर रात मां गायत्री ट्रांसपोर्ट के बेलगाम हाईवा ने साधु मिस्त्री के घर पर तीन लोगों को कुचल दिया। घटना में घर मालिक साधु मिस्त्री की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना में मृतक की बहू शिवरानी देवी और उनके मारुति का ड्राइवर गिरधर पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक उपरोक्त लोग अपने घर के बाहर चौकी पर बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान हंटरगंज की ओर से आ रहे बेलगाम हाईवा सीधे उनके घर में घुस गया। हाइवा ने चौकी पर बैठे सभी लोगों को रौंद डाला। दुर्घटना में साधु मिस्त्री का मारुति वैन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।मृतक, साधु मिस्त्री के मारुति वाहन का चालक है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने आज तड़के चतरा गया मुख्य पथ को जाम कर दिया।ग्रामीण उचित मुआवजा दिलाने और नो इंट्री लगाने की मांग कर रहे हैं।

## मदर्स डे पर विशेष : मां जैसा कोई नहीं



(**विनय मिश्रा**) मां शब्द बोलते और सुनते ही ममता, करुणा, अपनापन, स्नेह और आंखों में बच्चों की झलक उनकी खुशी आंचल में समेटे दृश्य आंखों के सामने तैरने लगता है । हिंदी जगत के प्रसिद्ध लेखक शिवपूजन सहाय की यह कहानी माता का आंचल आंखों के सामने तैरने लगता है। मां की ममता अनमोल है। मां की सरलता भोलेपन या यूं कहे अनभिज्ञ बन कर बच्चों के सामने जिस प्रकार से सहज बनकर रहती है यह निश्चित तौर पर अनमोल है। इसी के फल स्वरूप मां के लिए अभी कहा जा सकता है कि मेरे मन के बराबर कोई नहीं । मन तो मन है मां का क्या कहना। रोटी हो चार और खाने वाले हो जाए पांच तो मां ही कह सकती कि मुझे भूख नहीं है ऐसे मां के चरण को बारंबार प्रणाम है मां के संदर्भ में यही कहा जा सकता है मां तो मां है मां का क्या कहना मां जैसी ना कोई बन पाया इस दुनिया में। मां का ही स्थान सर्वोच्च है। मां जननी है। मां का त्याग तपस्या भी अनमोल है। मां जैसा होना अपने आप में एक उपलब्धि ही है । मां को बारंबार प्रणाम ।

# झारखंड पब्लिक स्कूल में मनी रविंद्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती




**प्रवेश चौहान खलारी**

**खलारी :** मोहन नगर झारखंड पब्लिक स्कूल मे शनिवार को रविंद्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती मनाई गई । इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान ने रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया । मंच का संचालन स्कूल के शिक्षक मनोज यादव ने किया इस अवसर पर बाकी शिक्षकों ने भी रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया । साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक विद्यार्थियों द्वारा भाषण कविता, और टैगोर को समर्पित स्लोगन बोला गया। भाषण देने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 10 की नरगिस परवीन कक्षा 9 की अश्विनी कुमारी लक्ष्मी भोक्ता कुणाल पांडे कक्षा 8 की ज्वाला कुमारी शालिनी कुमारी कक्षा 7 की सिमरन कुमारी और कक्षा 6 की आयशा परवीन जानवी कुमारी ने जयंती के उपलक्ष्य पर अपनी भाषण प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ने फिर ली एक जान



चतरा: जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर के गड़िया घाटी में एक बाइक सवार ने अभिमन्यु सिंह नाम के व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना पिछले दो दिनों में चतरा में हुई दूसरी सड़क दुर्घटना है। शनिवार की शाम देवरिया में भी एक व्यक्ति नंदकिशोर पासवान को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। पुलिस ने ऐसी घटनाओं में कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं। तेज रफ्तार से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। सड़क पार करते समय सावधानी बरतना और वाहनों की गति पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन और पुलिस को सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरष्कृत

**पेंटिंग में सन्नी और निबंध में शीतल रानी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान**



मेट्रो रेज

चतराः उत्क्रमित उच्च विद्यालय गीता आश्रम में पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया। पुरस्कार का वितरण रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा और विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शीतल रानी, द्वितीय स्थान पर रहे मो समीर और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विक्रम कुमार को मेडल देकर तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सन्नी कुमार सहित अन्य सभी प्रतिभागियों को शिक्षण सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रोहित कुमार, अमित कुमार, अनूप कुमार, कुमारी श्वेता रानी, आशा कुमारी, सरस्वती गुप्ता, सहला तबस्सुम, रश्मि धान, कुमारी पम्मी, रागिनी गुप्ता, अमृता सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। जिसमें कक्षा आठ से लेकर कक्षा दशम तक के 3 दर्जन छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।

## पौधरोपन कर समाज को दिया संदेश

**दुमकाः** शहर के समाजसेवी ठाकुर श्यामसुन्दर सिंह माता के मृत्यु दिनांक - 05 मई2025 को होने के बाद उनका अंतिम संस्कार भागलपुर के बरारी घाट में सम्पन्न होने के दूसरे दिन से ही एक मुहीम बनाकर 11 दिनों तक प्रत्येक दिन पेड़ लगाने का संकल्प लिया और आज उन्होंने हिजला ग्रामीण जलापूर्ति हळ्ढ कैम्पस में दो आंवला का पौधा लगाया ग्रंथों में बताया गया है कि पितृपक्ष या किसी की स्मृति में पेड़-पौधे लगाए जाए तो पितरों का आशीर्वाद मिलता है। काशी के ज्योतिषाचार्य और धर्म शास्त्रों के जानकार पं०गणेश मिश्र मुताबिक आंवला में देवताओं का वास होता है। वहीं ठाकुर श्याम सुन्दर सिंह का कहना है कि उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल अपनी मां की स्मृतियों को संजोना है बल्कि समाज को एक संदेश भी देना है ताकि प्रत्येक व्यक्ति पेड़-पौधा लगाये जिससे यह धरती हरी-भरी रहे और पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

### एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुंचे पूर्व मंत्री कई विवाह समारोह में हुए शामिल

# जनता की सेवा ही मेरा परम धर्मः सत्यानन्द भोगता

मेट्रो रेज



**चतराः** सूबे के पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड के जोरी और खजुरिया गांव पहुंचे। इस दौरान जबड़ा पंचायत अंतगर्त खजुरीया गांव निवासी मुखिया प्रतिनिधि चैतू यादव के भतीजा के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उनके भतीजा को नवदाम्पत्य जीवन की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इसके साथ ही पूर्व मंत्री जोरी काली मंदिर में दो दर्जन से अधिक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही सभी वर-वधू को नवदाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं से अवगत हुए। लोगों ने बताया कि काली मंदिर में प्रत्येक दिन सैकड़ो लोग अपने पुत्र पुत्री की शादी करने के लिए आते हैं। मौसम खराब होने के बाद खुले में बर-बाराती लोगों को रहना पड़ता है ।बारिश होने पर अफरा तफरी मच जाती है। वही दिन के उजाले में भी कड़ी धूप में रहना पड़ता है। काली मंदिर के प्रांगण में विवाह मंडप की अति आवश्यकता है। इसके अलावा रोशनी और पेयजल की समस्या से ग्रामीणों ने अवगत करवाया। पूर्व मंत्री ने आश्वासन दिया कि वरीय अधिकारियों से बात कर जनता की समस्या का निदान किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा की जनता की सेवा ही मेरा परम धर्म है।

## शिक्षा विभाग के प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण व जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



गिद्धौर (चतरा): प्रखंड के बीआरसी बलबल में शनिवार को शिक्षा विभाग के प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव ने किया ।जनसुनवाई कार्यक्रम में पांच जूरी सदस्य का चयन किया गया ।जनसुनवाई कार्यक्रम तीन विद्यालय का हुआ ।जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयाखाप,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पांडेय महुआ शामिल है। इन विद्यालयों के कई मामले जनसुनवाई में आए ।जिनमें सात मामलों को अग्रतर सुनवाई के लिए जिला को भेजा गया ।मौके पर बीपीओ नीरज सिंह,मोहन साव,रामचंद्र यादव,सुरेश राणा समेत अन्य मौजूद थे।

# वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी संपन्न

मेट्रो रेज



**दुमकाः** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वन नेशन , वन इलेक्शन विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं संसाधन-संवेदनशील बनाने वाली इस ऐतिहासिक पहल पर छात्र-छात्राओं को जागरूक करना और उनके विचारों को दिशा देना रहा।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्राध्यापक डॉ. अंजुला मुर्मू, डॉ. हिमाद्रि शेखर दत्ता, डॉ. अच्युत चेतन और डॉ. पीपी. सिंह ने बतौर वक्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विषय पर गहन विचार साझा किए। सभी वक्ताओं ने वन नेशन, वन इलेक्शन को लोकतंत्र की मजबूती, प्रशासनिक सुचारूता तथा चुनावी खर्च में कटौती की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। छात्रा सोफिया फिरदौस तथा अंकिता सोरेन ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार साझा किए । कार्यक्रम का मंच संचालन स्वाति सिंह द्वारा आत्मविश्वासपूर्ण एवं प्रभावशाली अंदाज में किया गया, वहीं स्वागत भाषण आदित्य राज ने प्रस्तुत किया। दोनों छात्रों ने कार्यक्रम की गरिमा और उद्देश्य को बखूबी साकार किया। इस संगोष्ठी में छात्रों की उत्साहजनक भागीदारी ने दशार्या कि युवा वर्ग न केवल देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक है, बल्कि राष्ट्रहित में उठाए गए प्रत्येक कदम के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध भी है । सभी छात्रों ने देशहित में एकमत होकर एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया।विभाग की इस पहल की सराहना विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा की गई और सभी ने इस प्रकार के संवाद-आधारित शैक्षणिक आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।